D-274

# छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लि., रायपुर

Ex.P.-249-I-1

शाखा ........ क्यू.सी. ........
विषय ........ रिप्लेसमेंट (चावल) नास्ती
फाईल नं. ............ वर्ष 13-14 पृष्ठ क्रं. ....(01)....

① नेला उपार्जन केन्द्र के गोदाम में भंडारित चावल स्टेक क्र. 17/12 तथा 17/11 के रिप्लेसमेंट।

② अमित कुमार सिन्हा (क-त-सहा.) 17/12 तथा 17/11 स्टेक में भंडारित अमानक स्तर का चावल हेतु कारण बताओ सूचना पत्र।

③ सारंगढ़ एवं बरमकेला उपार्जन केन्द्र में भण्डारित चावल स्टेक क्रमांक 16/06 एवं 07/06 के रिप्लेसमेंट।

④ श्री एस.के. वर्मा (क-त-सहा.) सारंगढ़ एवं बरमकेला में अमानक स्तर का चावल हेतु कारण बताओ सूचना पत्र।

⑤ राजिम II उपार्जन केन्द्र के गोदाम में भण्डारित चावल Lot No- 15626, 11646 के रिप्लेसमेंट तथा श्री संजय जगड़े (क-त-सहा-) कारण बताओं सूचना पत्र अवलोकनार्थ/ हस्ताक्षरार्थ प्रस्तुत।

[signature] 04-01-14

~~उ.स.(क्यू.सी.)~~

13-14/12-13 हेतु रिप्लेसमेंट नस्तियां- वृहद 2 रखें एवं वृहद-वृहद (?) संधारित करें। संबंधित Amac की नस्तियों में भी जारी-पत्र के बारे में रीप नोट कर देवें।

[signature] 04/01.

J.T.A.

① क्र/ क्यू.सी.-/रि-न-/पा. निवि/2013-14/ 717 रायपुर दिनांक 04-01-14
② ——— " ——— /716 — " —
③ ——— " ——— / 715 — " —
④ ——— " ——— / 714 — " —
⑤ ——— " ——— / 713 — " —
——— " ——— / 712 — " —

पत्र जारी किया गया।

⑥ ——— " ——— / 725 रायपुर दिनांक 06-01-14
⑦ ——— " ——— / 724 ——— " ——— } बिलासपुर

(कार्यरेट) SCN तथा रिप्लेसमेंट हेतु पत्र जारी किया गया। कृ.पृ.उ.

# छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लि., रायपुर

शाखा ......प्रयोगशाला (क्यू०सी०).

विषय ......रिप्लेसमेंट नस्ति..........

फाईल नं. .............वर्ष 2013-14..... पृष्ठ क्रं. .....(03)..........

गत पृष्ठ (02) :-

मुख्यालयीन पत्र क्र० 713 दिनांक 04.01.2014 द्वारा राजिम-II उपार्जन केन्द्र के गोदाम में भंडारित लॉट क्र० 15626 एवं 11646 के रिप्लेसमेंट के निर्देश दिये गये थे तथा पत्र क्र० 712 दिनांक 04.01.2014 द्वारा संबंधित कनिष्ठ तकनीकी सहायक को स्पष्टीकरण जारी किया गया।

इस संदर्भ में पत्र क्र० 1712 दि० 10.01.2014, श्री संजय जांगड़े क.त.स. द्वारा स्पष्टीकरण का प्रत्युत्तर प्रस्तुत किया गया है।

जिसमें लॉट क्र० 11646 अखरा ग्रेड-ए केन्द्र पर, पहले ही रिजेक्ट कर दिया गया एवं लॉट क्र० 15626 का रिप्लेसमेंट कराया गया, उल्लेखित है।

नस्ति अवलोकनार्थ / आदेशार्थ प्रस्तुत।

C.S.

[signature] 20.01.2014

DM द्वारा प्रेषित जानकारी एवं रिप्लेसमेंट के संबंध में, — AMQC से रिप प्राप्त कर प्रस्तुत करें।

S.T.A.
AMQC.

[signature] 20/01.

# छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लि., रायपुर

शाखा ......प्रयोगशाला (क्यू.सी.)......

विषय ......रिप्लेसमेंट नस्ती......

फाईल नं. .............वर्ष 2013-14.... पृष्ठ क्रं. ...(15).........

गत पृष्ठ (14):-

सहायक प्रबंधक (QC) द्वारा दिनांक 26.06.2014 को बिलाईगढ़ उपार्जन केन्द्र जिला बलौदाबाजार का निरीक्षण किया गया। एवं अमानक पाये गये स्टेक क्रमांक 06/02 अरवा कॉमन के रिप्लेस कराने हेतु निर्देश दिए गए। मुख्यालय स्तर से, निर्देशित किया जाने वाला पत्र अवलोकनार्थ / हस्ताक्षरार्थ प्रस्तुत।

C/S.
JTA.

(हस्ताक्षर) 03/07/2014

पत्र क्र० / क्यू०सी० / रि-न० / चा-नि.रा. / 2013-14 / 242 रायपुर दि० 03.07.2014 जारी किया गया। (हस्ताक्षर)

सहायक प्रबंधक (QC) द्वारा दिनांक 28.06.2014 को जिला बिलासपुर, केंद्र - करगीरोड का निरीक्षण किया गया एवं स्टेक क्रमांक 15/01 में भण्डारित लॉट क्र० 2085 का सेम्पल प्राप्त किया, जो कि विश्लेषण उपरांत अमानक स्तर का पाया गया।

उक्त लॉट के रिप्लेसमेंट हेतु पत्र अवलोकनार्थ / हस्ताक्षरार्थ प्रस्तुत।

C/S.
J.T.A.

(हस्ताक्षर) 04/07/14

(हस्ताक्षर)

पत्र क्र० / क्यू. सी. / रि-न० / चा-नि-बि. / 2013-14 / 247 रायपुर दि. 04.07.14 जारी किया गया।

# छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लि., रायपुर

शाखा ....क्यू०सी०....

विषय ....रिप्लेसमेंट नास्ती....

फाईल नं. ........ वर्ष 2014-15 पृष्ठ क्रं. ....(19)....

गत पृष्ठ (18) से आगे:-

1. सूरजपुर उपार्जन केन्द्र के स्टेक क्र 03/08 में भंडारित लॉट क्र 598 के रिप्लेसमेंट
2. कवर्धा / पंडरिया उपार्जन केन्द्र के गोदाम में क्रमशः भण्डारित लॉट क्र 2314 एवं 5787 के रिप्लेसमेंट
3. लोहरसिंह II उपार्जन केन्द्र के स्टेक क्र 12/09 में भण्डारित लॉट क्र 11639 के रिप्लेसमेंट के संबंध में

पत्र अवलोकनार्थ / हस्ताक्षरार्थ प्रस्तुत।

~~क०स० (क्यू०सी०)~~

[signature]
11.08.14

J.T.A.

[signature] 12/8/14.

1. क्र/क्यू०सी०/रि०न०/चा०नि०बि/2013-14/347 12.08.14
2. क्र/क्यू०सी०/रि.न./चा.नि.बि./2013-14/348 12.08.14
3. क्र/क्यू०सी०/रि.न./चा.नि.बि./2013-14/349 12.08.14

पत्र जारी किया गया।

सहा ० प्रबंधक (वसू०स्था०)

# CHHATTISSGARH STATE CIVIL SUPPLIES CORPORATION LIMITED

The, Hitwada Bhawan Awanti Vihar, RAIPUR

## ANALYSIS RESULT

Name of District :- ..............................

Name of Centre :- अम्बिकापुर

Date of A'nalysis :- 08.01.15

| Sl. No. | Name of Millar | Qty. | God No. | Stack No. | No. of Lots | Variety | Broken Big | Broken Small | F.M. Org | F.M. Inorg | Damaged | Discoloure | Chalky | Red | Lower Grade | Dehusk | Moisture | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सीतापुर | 3240 | 07 | 06 | – | RRC | 24.0 | 0.5 | 0.1 | 0.1 | 1.3 | 2.0 | 1.3 | 0.4 | – | 16.0 | – | (14-15) |

NOTE- Analysed at Chhattisgarh State Civil Supplies Corporation Ltd., H.O. Raipur laboratory as per procedure of Bureau of Indian Standard "Method of analysis of foodgrains" No. Is-4333 (Part I) 1967, and No. IS-4333 (Part-II) 1967 which is circulated by Govt. of India, Food Corporation of India and Govt. of Chhattisgarh.

J.T.A.
H.O. Raipur

J.T.A.
H.O. Raipur

Asitt. Manager
H.O. Raipur

Manager Q.C.
H.O. Raipur

Ex.P.-249-J-1

(347)

# छ.ग.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड, जिला कार्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

क्रमांक/उपार्जन/2014-15/1706 बिलासपुर दिनांक 03.01.2015

प्रति,

कंपनी सचिव,
छ.ग.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लि.
मुख्यालय – रायपुर (छ.ग.)

विषयः– उपार्जन केन्द्र जयरामनगर में निरीक्षण के दौरान पाये गये अमानक स्तर के लॉटो के रिप्लेसमेंट के संबंध में।

संदर्भः–
01. मुख्यालयीन पत्र क्र./क्यू.सी./क्यू.सी./रि.न./चा.नि.बि./14–15/568 रायपुर दिनांक 11.11.14।
02. इस कार्यालय का पत्र क्र./क्यू.सी./कीटोपचार/2014–15/1445 बिलासपुर दिनांक 17.11.14।
03. केन्द्र प्रभारी/कनि.तक.सहा. जयरामनगर का पत्र क्र. 405 दिनांक 30.12.2014।

—00—

विषयान्तर्गत माह अक्टुबर एवं नवम्बर 2014 में सहायक प्रबंधक (क्यू.सी.) द्वारा इस जिलें के उपार्जन केन्द्र जयरामनगर में निरीक्षण के दौरान कुछ लॉट/स्टेक का सेम्पल प्राप्त किया गया था, जिसका विश्लेषण मुख्यालय स्थित लैब में किये जाने पर अमानक स्तर का पाये जाने के कारण संदर्भित पत्र क्र. 01 के माध्यम से उपार्जन केन्द्र जयरामनगर के गोदाम क्रमांक 18 के स्टेक क्रमांक 03 में संग्रहित चांवल को रिप्लेसमेंट हेतु निर्देश प्राप्त हुआ था।

जिसके परिपालन में केन्द्र प्रभारी/तकनीकी कर्मचारी द्वारा उपरोक्त स्टेक के लॉट को संबंधित मिलर हरिओम राईस मिल प्रा.लि. दर्रीघाट को रिप्लेस उपरांत की गई कार्यवाही से संदर्भित पत्र क्र. 03 के माध्य से इस कार्यालय को अवगत कराया गया है, जिसकी छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर सादर प्रेषित है।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

जिला प्रबंधक
बिलासपुर

क्रमांक/उपार्जन/2014–15/ बिलासपुर दिनांक 03.01.2015

प्रतिलिपिः–

01. केन्द्र प्रभारी/कनि.तक.सहा. जयरामनगर की ओर संदर्भित पत्र क्र. 03 के तारतम्य में सूचनार्थ।

जिला प्रबंधक
बिलासपुर

Amanpreet 5.01.15

D:Drive Cbackpu: cmr folder Letter No. 247

(266)

बिलासपुर दिनांक 19.11.2014

प्रति,

कंपनी सचिव,
छ.ग.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लि.
मुख्यालय रायपुर (छ.ग.)

द्वारा:— जिला प्रबंधक, छ.ग.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड बिलासपुर (छ.ग.)।
विषय:— कारण बताओं सूचना पत्र का प्रतिउत्तर प्रस्तुत करने विषयक।
संदर्भ:— मुख्यालयीन पत्र क्र./क्यू.सी./रि.न./चानिबि/2014—15/570 रायपुर दिनांक 11.11.14।

महोदय,

विषयान्तर्गत उपार्जन केन्द्र जयरामनगर में सहायक प्रबंधक (गुणवत्ता) द्वारा दिनांक 21.10.2014 को निरीक्षण के दौरान स्टेक कमांक 18/03 का सेम्पल प्राप्त किया गया था, जिसका विश्लेषण मुख्यालय स्थित प्रयोगशाला में किया गया, जिसमें स्टेक कमांक 18/03 चांवल अरवा ग्रेड—ए मात्रा 162 मे.टन चांवल का सेम्पल अमानक स्तर का पाये जाने के कारण संदर्भित पत्र के माध्यम से कारण बताओं सूचना पत्र प्राप्त हुआ है।

मेरे द्वारा उपार्जन केन्द्र जयरामनगर में पदस्थ रहते हुए निगम मुख्यालय रायपुर एवं जिला कार्यालय द्वारा जारी निर्देशानुसार चांवल का विश्लेषण कर चांवल उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। संदर्भित पत्र में उल्लेखित स्टेक कमांक 18/03 में भंडारित चांवल को मेरे द्वारा विधिवत परीक्षण उपरांत चांवल मानक स्तर का पाये जाने पर स्वीकृत किया गया था। सहायक प्रबंधक (गुणवत्ता) महोदय द्वारा जयरामनगर से प्राप्त किये गये सेम्पल में डिस्कलर की मात्रा निर्धारित मात्रा से 1.0 प्रतिशत एवं डेमेज्ड ग्रेन की मात्रा 0.8 प्रतिशत अधिक पाये जाने के कारण सेम्पल अमानक स्तर का पाया गया था।

सहायक प्रबंधक (गुणवत्ता) महोदय द्वारा दिये गये एनालिसि रिपोर्ट में यह उल्लेखित है कि उक्त स्टेक में बेग टू बेग पाला वेरियेशन है। मिलर के द्वारा भेजी गई चांवल के बोरे में पाला वेरियेशन के वजह से गुणवत्ता में कमी पाई है। विश्लेषण की प्रकिया में एक से दो प्रतिशत मेन टू मेन वेरियेशन होना स्वाभाविक है।

अतः महोदय आपसे निवेदन है कि कृपया उपरोक्त कारण को ध्यान में रखते हुए इस प्रकरण पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए नस्तीबद्व करने की कृपा करेंगे। आपको आश्वस्त करता हूँ कि पुनः इस प्रकार की पुनरावृत्ति नहीं होगी।

श्री मनोज कुमार जसवानी (कतस) द्वारा प्रस्तुत प्रतिउत्तर पर सहानुभूतिपूर्वक विचार हेतु अग्रेषित।

जिला प्रबंधक
छ.ग.स्टेट सिविल सप्लाई कार्पो.लिमि.
बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय

(मनोज कुमार जसवानी)
कनिष्ठ तकनीकी सहायक
छ.ग.स्टेट सिविल सप्ला.कार्पो.लि.
केन्द्र जयरामनगर
जिला – बिलासपुर (छ.ग.)

छ.ग.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो. लि.
जिला कार्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
जावक क्र. 1463 दि. 19/11/14

D:Cbackup:verma Folder Letter No. 259

22.11.14

(13)

बिलासपुर, दिनांक 9.9.2014

प्रति,

श्रीमान् कंपनी सचिव महोदय,
छ0ग0 स्टेट सिविल सप्ला0 कार्पो0 लि0
मुख्यालय – रायपुर (छ0ग0)

द्वारा:– जिला प्रबंधक, छ.ग.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेषन लि. बिलासपुर।

विषय:– **करगीरोड उपार्जन केन्द्र के गोदाम मे भण्डारित लाट क्रमांक 9085 कें रिप्लेसमेंट के संबंध मे।**

संदर्भ – 01. आपका पत्र क./247 रायपुर दिनांक 04.07.2014।
02. आपका पत्र क्रमांक/कं.स./2014/322 रायपुर दिनांक 30.07.14।

महोदय,

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र क. 01 के माध्यम से उपार्जन केन्द्र करगीरोड मे भण्डारित लाट क्रमांक 9085 को रिप्लेसमेंट बाबत् निर्देश प्राप्त हुआ था। तत्संबंध में मेरे द्वारा अपने पत्र क. 13 दिनांक 21.07.2014 के माध्यम से उक्त लॉट को साविप्र के तहत् वितरित कर दिये जाने के कारण रिप्लेसमेंट की कार्यवाही को निरस्तीकरण हेतु अनुरोध किया गया था। इसी तारतम्य में संदर्भित पत्र क. 02 के माध्यम से रिप्लेसमेंट हेतु अवगत कराये गये लॉट कमांक 9085 के संबंध में 04 बिन्दुओं में जानकारी चाही गई है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

01. दिनांक 28.06.14 से दिनांक 05.07.14 तक केन्द्र में प्रारंभिक स्कंध, प्राप्त/जमा मात्रा, वितरण मात्रा एवं अंतिम शेष स्कंध की जानकारी निम्नानुसार है:–

(मात्रा क्विंटल में)

| क. | किस्म | प्रारंभिक स्कंध | कुल प्राप्त/जमा मात्रा | साविप्र में प्रदाय की गई मात्रा | कमी/अधिक मात्रा | अंतिम शेष स्कंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 01 | PBC | 1661.47 | 0.00 | 1636.52 | 3.20 | 21.75 |
| 02 | RRC | 9083.83 | 2963.95 | 5207.32 | 0.00 | 6840.46 |
| 03 | RRGA | 3582.29 | 2428.50 | 1125.31 | 0.00 | 4885.48 |
| | **TOTAL** | **14327.59** | **5392.45** | **7969.15** | **3.20** | **11747.69** |

सरल कमांक 05 में दर्शित मात्रा 7969.45 क्विं. को साविप्र अन्तर्गत प्रदाय किया गया है, जिसका उ.मू.दुकानवार वितरण का विवरण पत्रक संलग्न है।

02. दिनांक 03.07.14 से दिनांक 05.07.14 की अवधि में जिन–जिन उ.मू.दुकानों को लॉट कमांक 9085 का चांवल वितरण किया गया है, उन उ.मू.दुकानों की पावती एवं उक्त उ.मू.दुकानों से गुणवत्ता संबंधी रिपोर्ट की प्रति संलग्न है।

03. फीफो के आधार पर संबंधित लॉट की प्राथमिकता निर्धारित किये जाने संबंधी जानकारी एवं दस्तावेज के संबंध में लेख है कि उक्त लॉट कमांक उपार्जन केन्द्र करगीरोड के मंडी गोदाम में संग्रहित था। कार्यालयीन निर्देषानुसार किराये के गोदामों में भंडारित स्कंध को प्राथमिकता से निराकरण किया जाना था, जिसके आधार पर उक्त लॉट को प्राथमिकता के आधार पर वितरण किया गया है। **स्टेक रजिस्टर की छायाप्रति संलग्न है।**

04. उपरोक्त लॉट कमांक 9085 के रिप्लेसमेंट के संबंध में मुख्यालयीन पत्र क. 247 दिनांक 04.07.14 के माध्यम से निर्देष प्राप्त हुआ था, जो मुझे दिनांक 07.07.2014 को प्राप्त हुआ था, जिसका आवक कमांक 655 बिलासपुर दिनांक 07.07.2014 है **(छायाप्रति संलग्न है)।**

संदर्भित पत्र के परिपालन में उपरोक्तानुसार जानकारी श्रीमानजी की ओर लेखकर अनुरोध है कि उल्लेखित परिस्थितिवश वितरित किये गये लॉट एवं उपरोक्त लॉट के वितरण में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं होने को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण को नस्तीबद्व करने की कृपा करेंगे। भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति नहीं होगी, ऐसा मैं श्रीमानजी को आश्वस्त करता हूँ।

संलग्न:– उपरोक्तानुसार।

अग्रेषित

केन्द्र प्रभारी करगीरोड
जिला–बिलासपुर (छ.ग.)

जिला प्रबंधक
छ.ग.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लि
बिलासपुर (छ.ग.)

सिविल सप्लाईज कार्पो. लि.
कार्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
1138 दि 09.9.14

File करने हेतु निर्देश दिया है।
29.9.14

# छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटे
हितवाद भवन परिसर, अवंति विहार मुख्यालय–रायपुर
दूरभाष नंबर–0771–4225158, फैक्स नं.–0771–4066214

क./क्यू.सी./रि.न./चा.नि.बि./2013–14/ 349 रायपुर दिनांक 12/8/14

प्रति,

जिला प्रबंधक
छ.ग.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमि.
जिला– रायगढ़

**विषय :–** **लोहरसिंह–II उपार्जन केन्द्र के स्टेक क. 12/09 में भण्डारित लॉट क. 11639 के रिप्लेसमेंट के संबंध में।**

**संदर्भ :–** **सहा.प्रबं. क्यू.सी. का पत्र क./क्यू.सी./2014 दिनांक 07.08.2014**

—00—

विषयान्तर्गत दिनांक 07.08.2014 को आपके जिले के लोहरसिंह–II उपार्जन केन्द्र का सहायक प्रबंधक (क्यू.सी.) द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र में लॉट क. 11639 अरवा कॉमन जो कि स्टेक क्रमांक 12/09 में भंडारित है, का केन्द्र स्तर पर विश्लेषण कराया गया, जिनमें ब्रोकन निर्धारित मात्रा से अधिक पाई गई। विश्लेषण रिपोर्ट की प्रति संलग्न है।

तदानुसार आदेशित किया जाता है कि उक्त स्टेक में भंडारित लॉट चावल को रिप्लेस करायें तथा की गई कार्यवाही से मुख्यालय को अवगत करायें।

**संलग्न–** **उपरोक्तानुसार।**

12/8

(संदीप अग्रवाल)
कंपनी सचिव

O/C

(48)

# छ0ग0 स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड, बिलासपुर

प्रदाय केन्द्र– करगीरोड

क्र0/करगीरोड/2014–15/13 करगीरोड, दिनांक 21.07.2014

प्रति,

श्रीमान् कंपनी सचिव,
छ0ग0 स्टेट सिविल सप्ला0 कार्पो0 लि0
मुख्यालय – रायपुर (छ0ग0)

छ.ग.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो. लि.
जिला कार्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
जावक क्र.836...दि...22.7.14

द्वारा:– जिला प्रबंधक, छ.ग.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लि. बिलासपुर (छ.ग.)।

विषय – **करगीरोड उपार्जन केन्द्र के गोदाम में भण्डारित लाट क्रमांक 9085 के रिप्लेसमेंट के संबंध मे।**

संदर्भ – मुख्यालयीन पत्र क्रमांक/क्यू0सी0/रि0न0/चा0नि0बि/2013–14/247, रायपुर दिनांक 04.07.14।

महोदय,

विषयांतर्गत लेख कर निवेदन है कि संदर्भित पत्र के माध्यम से उपार्जन केन्द्र करगीरोड मे भण्डारित लाट क्रमांक 9085 को रिप्लेसमेंट के लिये निर्देशित किया गया है।

तत्संबंध में लेख है कि श्रीमान् सहायक प्रबंधक (क्यू0सी0) द्वारा दिनांक 28.06.2014 केन्द्र करगीरोड का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा स्टेक न0 15/1 मे भण्डारित लाट क्रमांक 9085 का सेम्पल लिया गया था, जिसे तकनीकी सहायक द्वारा दिनांक 10.06.2014 को स्वीकृत कर स्टेक न0 15/1 में भण्डारित किया गया था। तत्समय सहायक प्रबंधक महोदय द्वारा सेम्पल प्राप्त करते समय उक्त लॉट के भुगतान संबंधी किसी प्रकार का निर्देश नहीं दिये गये थे। जिसके कारण मुख्यालय एवं जिला कार्यालय से जारी निर्देशानुसार **FIFO** का पालन करते हुए उक्त लॉट का भुगतान दिनांक 03.07.14 से प्रारंभ कर दिनांक 05.07.14 तक भुगतान कर दिया गया था।

चुंकि केन्द्र में पदस्थ तकनीकी सहायक श्री मनोज कुमार जसवानी केन्द्र करगीरोड के साथ–साथ अन्य केन्द्र तखतपुर में भी चांवल उपार्जन का कार्य किया जाता है, भुगतान अवधि में श्री जसवानी केन्द्र करगीरोड में उपलब्ध नहीं थे। उपरोक्त लॉट के भुगतान पश्चात् निगम मुख्यालय रायपुर के संदर्भित पत्र अनुसार उक्त लॉट में डिस्कलर की मात्रा अधिक होने के कारण रिप्लेसमेंट की कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। चुंकि उक्त लॉट के सम्पूर्ण मात्रा का उ.मू.दुकानों में भुगतान कर दिया गया है, जिसे संबंधित उ.मू.दुकानों से वापस लाकर संबंधित मिलर को रिप्लेसमेंट की कार्यवाही संभव नहीं है। आज दिनांक तक भण्डारित चांवल का किसी भी उ0मू0दु0 से गुणवत्ता संबंधी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

अतः उपरोक्त परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए चांवल रिप्लेसमेंट संबंधी कार्यवाही को निरस्त करने का कष्ट करेंगे।

मूल: अग्रेषित

जिला प्रबंधक
छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लि
बिलासपुर (छ.ग.)

J.T.A.
25/7/14

केन्द्र प्रभारी
प्रदाय केन्द्र करगीरोड
जिला–बिलासपुर (छ.ग.)

# छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

हितवाद भवन परिसर, अवंति विहार मुख्यालय–रायपुर

दूरभाष नंबर–0771–4225158, फैक्स नं.–0771–4066214


35

क./क्यू.सी./रि.न./2013–14/304 रायपुर दिनांक 23/7/2014

## स्मरण पत्र

प्रति,

जिला प्रबंधक
छ.ग.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमि.
जिला– जांजगीर–चांपा/कोरबा/बलौदाबाजार/
बिलासपुर/गरियाबंद/बेमेतरा/जशपुर

विषय :– उपार्जन केन्द्र पर उपार्जित किए गए अमानक चावल के रिप्लेसमेंट के संबंध में।

संदर्भः–
01.मुख्यालयीन पत्र क./क्यू.सी./रि.न./2013–2014/717 रायपुर दिनांक 04.01.14
02. पत्र क./क्यू.सी./रि.न./2013–2014/887 रायपुर दिनांक 04.03.14
03. पत्र क./क्यू.सी./रि.न./2013–2014/944 रायपुर दिनांक 21.03.14
04. पत्र क./क्यू.सी./रि.न./2013–2014/951 रायपुर दिनांक 24.03.14
05. पत्र क./क्यू.सी./रि.न./2013–2014/242 रायपुर दिनांक 03.07.14
06. पत्र क./क्यू.सी./रि.न./2013–2014/247 रायपुर दिनांक 04.07.14
07. पत्र क./क्यू.सी./रि.न./2013–2014/262 रायपुर दिनांक 08.07.14
08. पत्र क./क्यू.सी./रि.न./2013–2014/267 रायपुर दिनांक 09.07.14
09. पत्र क./क्यू.सी./रि.न./2013–2014/273 रायपुर दिनांक 10.07.14

---00---

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन हों, जिसके द्वारा अमानक स्तर के स्टेक्स्/लॉट्सं (सूची संलग्न) के रिप्लेसमेंट हेतु आदेशित किया गया था। परंतु रिप्लेसमेंट संबंधी कार्यवाही से मुख्यालय को आज दिनांक तक अवगत नहीं कराया गया है।

तत्संबंध में पुनः निर्देशित किया जाता है कि स्टेकों/लॉटों के रिप्लेसमेंट संबंधी की गई कार्यवाही से मुख्यालय को 07 दिवस के भीतर अवगत कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में संबंधितों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए संबंधित जिला प्रबंधक एवं कनिष्ठ तकनीकी सहायक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

कृपया उक्त कार्य को प्राथमिकता देंवे।

(संदीप अग्रवाल)
कंपनी सचिव